# सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 6 अक्टूबर से 25 दिसम्बर 2025 तक

**भिलाईनगर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 6 अक्टूबर 2025 से किया जा रहा है। इसका मुख्य उददेश्य संसदीय क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल आंदोलन का नेतृत्व करने हेतु सशक्त बनाना। यह महोत्सव मंत्रालय की दृष्टि के अनुरूप खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, स्वदेशी एवं मुख्यधारा खेल को प्रोत्साहित करने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा फिट इंडिया आंदोलन का समर्थन करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह खेल संसदीय क्षेत्रों में योजना, क्रियान्वयन, प्रचार–प्रसार एवं विरासत निर्माण के लिए एक समान एवं उच्च मानक सुनिश्चित करेगा तथा जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान पर विशेष ध्यान देगा। सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीयन की तिथि 11 सितम्बर से 25 सितम्बर 2025 तक किया जा चुका है। इसमें व्यक्तिगत खेल एथेलिटिक्स, गेड़ी, योगासन, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुगड़ी एवं सुरीली कुर्सी एवं सामूहिक खेलों में वालीबॉल, खो–खो एवं कबड्डी को शामिल किया गया है। इस खेल में महिला, पुरूष, दिव्यांग प्रतिभागी की आयु 9 से 15 वर्ष, 15 से 30 वर्ष व 30 से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते है। खेल का लेवल ग्राम पंचायत व नगरीय प्रशासन वार्ड में 6 से 10 अक्टूबर, कलस्टर व नगरीय में 11 से 17 अक्टूबर, विधानसभा क्षेत्र में 10 से 15 नवम्बर एवं लोकसभा क्षेत्रों में 23 से 25 दिसम्बर तक खेला जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में प्रतियोगिता आयोजन के नोडल अधिकारी आयुक्त एवं नगर पालिक अधिकारी होगें। खेल के दौरान विधानसभा भिलाईनगर–65 के लिए ड्रेस कलर लाल–निला एवं वैशालीनगर–66 के लिए गुलाबी रखा गया है। नगर पालिक निगम भिलाई शहर के प्रतिभागी एवं इच्छुक महिलाध्पुरूष से अपील करती है कि इस खेल महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने हुनर को आगे बढ़ाने का लाभ उठावें। खेल में विजेता खिलाड़िको को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित भी किया जाएगा।

